नईदुनिया

90 दिवस से अधिक अनाधिकृत अनुपस्थिति सेवा समाप्ति उचित

सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

जी. के. छिब्बर

सुप्रीम कोर्ट की 2 न्यायाधीशों की पीठ न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय एवम न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी ने एलआईसी ऑफ इंडिया एवम अन्य बनाम ओम प्रकाश की याचिका में निर्णित किया हैं की यदि कर्मचारी 90 दिवस से अधिक दिनों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे और प्रबंधन द्वारा सेवा में उपस्थित होने के लिए पत्र प्रेषित करे और उसका जवाब ना दे तो यह माना जाएगा की वह नौकरी इच्छुक नहीं है और उसने नौकरी त्याग दी है उस कर्मचारी की सेवा समाप्ति उचित है।

प्रकरण के तथ्यों के अनुसार उत्तरदाता कर्मचारी असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रीव ऑफिसर के पद पर पदस्थ था वह 90 दिवस से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा उसे 14 फरवरी 1996 को कारण बताओ नोटिस और आरोप पत्र दिया गया जिसका उसके द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया प्रबंधन ने यह निष्कर्ष लिया की कर्मचारी नौकरी का इच्छुक नहीं है और उसने सेवा का त्याग कर दिया है सेवा समाप्ति कर दी गई। उत्तरदाता कर्मचारी ने सेवा समाप्ति को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी और आधार प्रस्तुत किया की उसकी सेवा समाप्ति के पूर्व बचाव का कोई अवसर नहीं दिया ना ही कोई जांच की गई और नियमों के विरुद्ध सेवा से हटाया है उसे पुनः बहाल किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारी अनाधिकृत रूप से 90 दिवस से अनुपस्थित था उसे ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए पत्र लिखे और कारण बताओ नोटिस जारी किया परन्तु कोई उत्तर नहीं दिया और ज्ञात हुआ की अन्य संस्थान में नौकरी ज्वाइन कर ली। उच्च न्यायालय ने कर्मचारी की जांच ना करने और समुचित सुनवाई का अवसर न देने के आधार पर सेवासमाप्ति को निरस्त करते हुवे पुनः सेवा में बहाली के आदेश 26.6.2008 के किए। एलआईसी मैनेजमेंट ने उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए निर्णित किया की कर्मचारी की सेवा समाप्ति उचित था वह लंबे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहा और याचिकाकर्ता के कारण बताओ नोटिस का उत्तर भर नहीं दिया इतना ही नहीं कर्मचारी ने दूसरे संस्थान में नौकरी ज्वाइन कर ली इस तथ्य को भी छुपाया इसलिए वह किसी राहत का हकदार नहीं है याचिकाकर्ता ने सेवा त्याग का सही निर्णय लिया है और सेवा समाप्ति आदेश विधिसम्मत है याचिका स्वीकार की गई।

महाकुंभ मेला रानी कमलापति से बनारस तक स्पेशल ट्रेन सेवा शुरू

भोपाल। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए, श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रानी कमलापति-बनारस-कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के रानी कमलापति, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 16 जनवरी से 20 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11.10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14.45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11.30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह 3 फरवरी को

भोपाल। महानगर सनाढय समाज की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 3 फरवरी को दुर्गा मंदिर परमार भवन, आरएलएल के पास एम्स रोड साकेत नगर भोपाल में आयोजित ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाये ताकि समाज के अधिकांश लोग लाभान्वित हो सके।

अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष सामूहिक विवाह की व्यापक तैयारियों की समीक्षा के अंतर्गत समाज के लोगों ने सुझाव दिया है कि विभिन्न नगरों में होने वाली बैठकों की रूपरेखा भी तय करने के लिए 3 फरवरी 2025 को अलग से बैठक की जाए।

संस्कार, संस्कृति के संवर्धन के इन प्रयासों की बैठक में सर्वमत से सराहना की गयी तथा 100 से अधिक उपस्थित समाज के लोगों ने इस पुनीत कार्य में तन,मन,धन से सहयोग करने का वचन भी दिया। बैठक में महेष दुबे,महामंत्री ने सभी बंधुओं से इस अवसर पर कहा कि समाज के हित में सभी को सहयोग करना है। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी प्रस्ताव भी पारित हुआ कि ऋषियों के द्वारा की गयी विवाह पद्धति के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम किए जाना चाहिए ताकि वर्तमान समय में जो विवाह संस्कार में कुरीतियों को स्थान मिल गया है उनको दूर किया जा सके। बैठक में कोषाध्यक्ष के.एम.पाठक, गौरीषंकर षर्मा 'काका',गायत्री प्रसाद षर्मा, देवेन्द्र कुमार रावत, प्रभातराज तिवारी, जीवनलाल शुक्ला, महेष दुबे,गिरीष शर्मा, अशोक कटारे, मुकेष पाठक, मुकेष षर्मा, संजय पाराषर, दुलीचन्द्र बिरथरिया, रामस्वरूप षर्मा, अषोक चतुर्वेदी, रमेष शर्मा, अशोक शर्मा, अंकितषर्मा, अषोकषर्मा (1250),हेमन्त बिरथरिया, प्रवीणषंकर पाराशर, रामकिषोरषर्मा,के.के.गोस्वामी, संतोष मुद्गल आदि उपस्थित थे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसरी इंडिया कुंभ वेबऐप पेश किया

भोपाल। महाकुंभ मेले में स्थान खोजने में श्रद्धालुओं की मदद और उन्हें समृद्धशाली अनुभव प्रदान करने के लिए एसरी इंडिया ने नाम से एक वेबऐप लांच किया है। यह वेबऐप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। जीआईएस आधारित यह वेबऐप मेला में ठहरने, स्नान घाटों, पार्किंग, सड़कों, मौसम अपडेट, प्रवेश और निकासी बिंदुओं, खोया पाया केंद्रों, ई रिक्शा स्टैंड, पुलिस थानों, अग्निशमन केंद्रों, अस्पतालों आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। महाकुंभ मेला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। नदी के किनारे 4,000 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में फैले इस मेले में दुनियाभर से 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। महाकुंभ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन गंगा और संगम में डुबकी लगाने के लिए 1.65 करोड़ से अधिक लोग इस मेले में आए।

बीएसएसएस ने कोलकाता के साथ मिलकर एमबीए कनेक्ट की मेजबानी की

भोपाल। बीएसएसएस ने टॉपयूनी नेटवर्क, कोलकाता के साथ मिलकर एमबीए कनेक्ट के लिए टीम बनाई जिसके द्वारा कोर्टयार्ड बाय मैरियट में में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम ने छात्रों और पेशेवरों को देश भर के शीर्ष बिजनेस स्कूलों से जुड़ने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया, और ज्ञान, अवसरों तथा अंतर्दृष्टि के मूल्यवान आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे, आईएमडीआर, पुणे, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा, पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, दिल्ली एल. डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च, मुंबई, गणपत यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल , नवी मुंबई ने भागीदारी की। मध्य भारत के अग्रणी बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, भोपाल ने भी शहर के एमबीए उम्मीदवारों के बीच अपने विविध प्रबंधन और कार्यकारी कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में भाग लिया।

मिआ बाए तनिष्क के जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल में आकर्षक डिस्काउंट

भोपाल। भारत का एक सबसे बड़ा फाइन ज्वेलरी ब्रांड, मिआ बाए तनिष्क ने जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल के शुरू होने की घोषणा की है। प्यार के मौसम को दर्शाने वाला नया कलेक्शन क्यूपिड एडिट 3.0 के अनावरण के साथ-साथ सोच-समझकर दिए जाने वाले गिफ्ट्स की खुशियां जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल की खासियत हैं।

शानदार आभूषणों की विशाल श्रेणी पर आकर्षक छूट देने वाली इन फेस्टिव ऑफर्स की प्रतीक्षा अब ख़त्म हो चुकी है, अपने प्रियजनों को खुशियां और प्यार का उपहार देने का सही समय आ गया है। 9 जनवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलने वाले जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल में सभी मिआ डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर बिल के कुल मूल्य के आधार पर 20 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जाएगी। इतनाही नहीं, मिआ के सिल्वर कलेक्शन में चुनिंदा मर्चैंडाइज़ पर फ्लैट 15 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है। शर्तें लागू हैं।

यूनियन बैंक द्वारा इग्नाइट 2025 के आयोजन की घोषणा

भोपाल। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन पोटेंशियल कॉन्क्लेव इग्नाइट - 2025 के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की गई है, जो पूरे भारत के बैंकों के मानव संसाधन और प्रशिक्षण प्रमुखों की एक प्रतिष्ठित सभा है। यह दो दिवसीय सम्मेलन 17 और 18 जनवरी, 2025 को बेंगलुरु में यूनियन बैंक ज्ञानार्जन केंद्र में आयोजित किया जाएगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, उद्योग में गर्व से अग्रणी, द्वारा प्रथम मानव संसाधन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लीडर्स को मानव संसाधन में नए ट्रेंड, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और नेटवर्किंग सत्र शामिल होंगे, जो ज्ञान साझा करने और सहयोग के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेंगे।

बिजली कंपनी ने चस्पा किया संपत्ति कुर्क का नोटिस

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भिण्ड वृत्त अंतर्गत बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिल राशि वसूली के लिए संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की जा रही है। भिण्ड के उपभोक्ता हरनारायण अग्रवाल द्वारा उनके परिसर पर कुर्की का नोटिस चस्पा करते ही बिजली बिल की बकाया राशि 2 लाख 62 हजार 428 रुपये बिजली कंपनी के खाते में तत्काल जमा करा दी है। मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के तहत तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, लहार द्वारा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मांग पर बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण उपभोक्ता की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई का नोटिस जारी कर उपभोक्ता के परिसर पर चस्पा किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने योजना सावधि जमा की शुरुआत की

भोपाल। आज के परिवर्तनशील वित्तीय परिवेश में, ग्राहक जमा संबंधी ऐसे नए सॉल्यूशंस चाहते हैं जो सुनिश्चित और प्रतिस्पर्धी रिटर्न, लिक्विडिटी और फ्लेक्सिबिलिटी का मिश्रण हों। बचतकर्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने पारंपरिक सावधि जमा (एफडी) के लिए एक अनूठा विकल्प- बॉब लिक्विड सावधि जमा पेश किया है। बॉब लिक्विड सावधि जमा, सामान्य सावधि जमा से ज़्यादा रिटर्न कमाने के फ़ायदों को बचत खाते से जुड़ी आसान लिक्विडिटी की सुविधा के साथ जोड़ता है। यह जमाकर्ताओं को पूरी एफडी बंद किए बिना आंशिक आहरण की सुविधा प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जमाकर्ता अपनी आकस्मिक वित्तीय ज़रूरतों को आवश्यकता पड़ने पर पूरा कर सकते हैं, जबकि शेष राशि में उसी एफडी में अनुबंधित दर पर ब्याज प्राप्त होती रहती है।

सूडोकु नवताल- 7306

★☆☆☆☆ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7305 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

काकुरो पहेली - 6985

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 6984 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8373



बाएँ से दाएँ

1. हिफाज़त कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्जन का विलोम-3
8. सुलतान,शौक-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट,मायानगरी -3,2
15. सूर्य,भास्कर-2
16. उपनदी,कैनाल-3
18. व्यंग,परिहास-3
19. कौर,ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल,असावधानी-4

ऊपर से नीचे

1. अगुवा,रास्ता दिखाने वाला-4
2. सस्त,नशा,गरूर-2
3. चिंतन,विचारना-3
4. सज्जन भावना,नेकपन-5
5. भिड़ना,मुठभेड़-4
7. रेखा,लाईन-3
10. ध्यान करना-5
12. सीमा,हद,बॉर्डर-4
14. शाखा,डाली-3
17. रिवाज,परंपरा-4
18. पाबंदी,रोक-3
21. स्वच्छ-2

शब्द पहेली -8372 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6803

बायें से दायें:-

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरुख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे ख्यालों की मलिका' गीत वाली शाहरुख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनिवाबाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. नसीरुद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6802

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-6912

	3		1		2	
3	29	6	37		31	1
	2			5	6	
5	30	1	30	4	31	6
	6				3	2
2	33	4	31	3	30	7
	1		5		4	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6911 का हल

7	6	1	4	2	3	5
2	28	4	33	7	35	4
1	2	5	6	4	7	3
5	28	3	38	6	34	1
4	2	6	3	5	1	7
3	31	2	31	1	30	6
6	1	7	4	3	5	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7912

चे	क	ल	व	ग	आ	ना	क	प	ल	क
र	श	ल	न	व	जी	इ	द	इ	ट	कि
त	स	व	ल	र्म	छ	पु	य	रा	ख	स
क	ज	ज	न	पु	अ	ड	र	र	ल	ले
क	क	दो	ग	श्री	लं	का	तू	ग	झ	व
ज	ति	श	री	ह	झ	नि	ना	ण	घ	को
ती	आ	स	लि	या	प	ल	स	र	ला	ल
क	ता	शे	ई	सि	व	ते	फ	न	श	पा
ने	वा	वे	न	व	जी	ल	वे	ग	प	कि
द	पा	त	प	न	जी	र्त	ऐ	त	प	स्ता
क	अ	व	प	ची	न	रा	वा	द	प	न

शब्द जाल में यहूदी कलेंडर के 10 महीनों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

तिशरी, चेशवन, किसलेव, तेवेत, शेवेत, अडर, निसान, आइयर, सिवन, अव

शब्दजाल - 7911 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore